प्रति,

पुलिस महानिरीक्षक
सरगुजा रेंज (छ0ग0)

विषयः— मेरी हत्या की प्रयास करने और मुझे मारने के लिए सुपारी दिए जाने के कारण मुझे पुलिस सुरक्षा दिये जाने के संबंध में।

महोदय,

विषयान्तर्गत लेख है कि मैं प्रशान्त कुमार पाण्डेय आ0 माधवेश पाण्डेय "सिंधु स्वाभिमान" नामक मासिक समाचार पत्र का संपादक हूं और सूरजपुर जिले के लटोरी तहसील ग्राम हरिपुर का मुल निवासी हूं एवं वर्तमान में गांधीनगर थाना अंतर्गत सुभाषनगर में निवास करता हूं। मेरी पत्नि मृण्मयी पाण्डेय "हिंद स्वराष्ट्र" की संपादक हैं। विगत कुछ दिन पूर्व हमारे द्वारा सूरजपुर जिले के ग्राम सिरसी में आवास योजना और लटोरी तहसील में जमीन फर्जीवाड़े की खबर का प्रकाशन किया गया था, जिसके बाद से ही लटोरी में रहने वाले संजय गुप्ता और उसके पुत्र हरिओम गुप्ता द्वारा हम पर खबर प्रकाशित न करने का दबाव बनाया जा रहा था। हमारे द्वारा हरिओम गुप्ता को इस मामले से दूर रहने और हमारे कार्य में दखलअंदाजी न करने की सलाह दी गई जिसके बाद वह काफी आक्रामक हो गया और उसके द्वारा फोन पर ही मुझे गंदी—गंदी मा, बहन की गाली दी गई और देख लेने की बात कही गई। हरिओम गुप्ता और उसे पिता संजय गुप्ता द्वारा अनेक माध्यमों से हमें लगातार धमकी दी जाती रही थी। इसी बीच उसके द्वारा मेरी हत्या की साजिश रची गई जिस संबंध में मुझे हरिओम गुप्ता और सिरसी के प्रेमचंद ठाकुर नामक युवक के बीच हुई बातचीत की कॉल रिकॉडिंग प्राप्त हुई जिसमें हरिओम और प्रेमचंद ठाकुर द्वारा मुझे रास्ते से हटाने और 4 लाख में हत्या करवा देने की बात कही गई। रिकॉडिंग प्राप्त होने के बाद मैं अपनी फैमिली के साथ किसी पारिवारिक कार्य से बाहर चला गया था। वापस लौटने के बाद ग्राम हरिपुर में संजय गुप्ता और हरिओम गुप्ता द्वारा ग्राम सभा आयोजित की गई जहाँ ग्रामसभा के दौरान मेरी सुपारी दिये जाने और हत्या के प्रयास में विफल होने की जानकारी मुझे मिली। जिस संबंध में ग्राम सभा में संजय

कार्यालय पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज (छत्तीसगढ़) 23.9.25

23/9/25

गुप्ता द्वारा माफी मांगी गई और सुपाड़ी दिये जाने की यह बात स्वीकार की गई। जिसका विडियो भी हमारे पास मौजुद है चूंकि इनके द्वारा मेरी हत्या के कई प्रयास किये जा चुके हैं जिसके साक्ष्य भी मेरे पास मौजुद हैं जो आपके द्वारा मांगे जाने पर मेरे द्वारा प्रस्तुत कर दिये जायेंगें।

अब तक हमारी हत्या के 3 प्रयास किये जा चुके हैं। हमें इन लोगों से जान का खतरा है सुत्रों से हमे इस संबंध में लगातार जानकारी मिल रही है की इनके द्वारा हमारी हत्या का अभी भी प्रयास किया जा रहा है।

अतः महोदय से निवेदन है कि इस मामले में संलिप्त संजय गुप्ता, हरिओम गुप्ता, तहसीलदार सुरेन्द्र पैकरा, प्रेमचंद ठाकुर, अविनाश ठाकुर, मेरी हत्या की सुपारी लेने वाले फिरोज अंसारी, उसके साले असलम और संदीप कुशवाहा पर तथा इस मामले की जाँच कराकर इस मामले में संलिप्त अन्य आरोपियों के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कराकर इनके विरूद्ध उचित दण्डात्मक कार्यवाही करने तथा मुझे पुलिस सुरक्षा प्रदान करने का कष्ट करें।

धन्यवाद।

दिनांक— 23 / 09 / 2025

प्रार्थी

प्रशान्त कुमार पाण्डेय
आ0 माधवेश पाण्डेय
मो0 9713057628

प्रतिलिपिः—

1. श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदय सरगुजा।
2. श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदय सूरजपुर।
3. श्रीमान् कलेक्टर महोदय सरगुजा।
4. श्रीमान् कलेक्टर महोदय सूरजपुर।